Adda247
GET IT ON Google Play

# उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता (UPTET) परीक्षा-2021

## (CLASS : VI-VIII) भाग-IV

# सामाजिक अध्ययन

### द्वितीय प्रश्न-पत्र

### व्याख्या सहित हल

(परीक्षा तिथि : 23 जनवरी, 2022)

**1. Bhilai steel plant is located in**
**भिलाई इस्पात कारखाना स्थित है–**

(a) Jharkhand/झारखंड में
(b) Chhattisgarh/छत्तीसगढ़ में
(c) Madhya Pradesh/मध्य प्रदेश में
(d) Odisha/ओडिशा में

**Ans. (b) :** भिलाई इस्पात कारखाना छत्तीसगढ़ में स्थित है। भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना 1955 ई. में रूस के सहयोग से छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में की गयी तथा उत्पादन 1959 से प्रारम्भ हुआ। यह संयंत्र कोलकाता मुम्बई रेलमार्ग पर स्थित है। यहाँ लौह अयस्क डल्ली राजहरा खानों से तथा कोयला कोरबा और करगाली खानों से प्राप्त होता है। बोकारो इस्पात संयंत्र की स्थापना रूस के सहयोग से 1964 में बोकारो (झारखण्ड) में स्थापित किया गया। राउरकेला-इस्पात संयंत्र जर्मनी के सहयोग से 1959 ई. में ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में स्थापित किया गया।

**नोट–**स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (SAIL) की स्थापना जनवरी 1954 को की गयी।

**2. Which one of the following rocks is an example of sedimentary rock?**
**निम्नलिखित शैलों में से कौन-सी अवसादी शैल का उदाहरण है?**

(a) Marble/संगमरमर (b) Slate/स्लेट
(c) Shale/शैल (d) Granite/ग्रेनाइट

**Ans. (c) :** 'शैल' अवसादी चट्टान का उदाहरण है। पृथ्वी तल पर आग्नेय व रूपान्तरित चट्टानों के अपरदन व निक्षेपण के फलस्वरूप निर्मित चट्टानों को अवसादी चट्टान कहते हैं। इन्हें परतदार चट्टान भी कहा जाता है। इनके निर्माण में जैविक अवशेषों का भी योगदान होता है।

(क) यांत्रिक क्रियाओं द्वारा निर्मित चट्टान–बलुआ पत्थर, कांगलोमेरेट या गोलाश्म, चीकामिट्टी, शैल तथा लोएस।

(ख) जैविक तत्वों से निर्मित अवसादी चट्टान–चूना पत्थर, कोयला, पीट आदि।

(ग) रासायनिक तत्वों से निर्मित अवसादी चट्टान–खड़िया मिट्टी, सेल खड़ी नमक की चट्टान।

चट्टान तीन प्रकार की होती है–
1. आग्नेय चट्टान
2. अवसादी चट्टान
3. रूपान्तरित चट्टान

**3. The tail of a comet always points**
**पुच्छल तारे की पूँछ की दिशा सदैव होती है–**

(a) away from the sun/सूर्य से दूर
(b) towards the sun/सूर्य की ओर
(c) towards North-East/उत्तर-पूर्व की ओर
(d) towards South-East/दक्षिण-पूर्व की ओर

**Ans. (a) :** पुच्छल तारे की पूँछ की दिशा सदैव सूर्य से दूर होती है ये आकस्मिक धूल बर्फ और हिमानी गैसों के पिंड हैं जो सूर्य से दूर अंधेरे क्षेत्र में रहते हैं। सूर्य के चारों ओर ये लंबी किन्तु अनियमित या असमकेन्द्रित कक्षा में घूमते रहते हैं, जब ये सूर्य के समीप से गुजरते हैं तो गर्म होकर इन गैसों की फुहार निकलती है जो लंबी चमकीली पूँछ के समान प्रतीत होती हैं। सामान्य अवस्था में पुच्छल तारा (कॉमेट) बिना पूँछ का होता है। पुच्छल तारा के शीर्ष को 'कोमा' कहते हैं।

**नोट–** हैलेका धूमकेतु 76 वर्षों के अंतराल पर दिखाई पड़ता है।

**4. Which one of the following is associate with fault?**
**निम्नलिखित में से कौन भ्रंश से सम्बन्धित है?**

(a) Strike valley/नतिलम्ब घाटी
(b) Anticlinorium/समपनति
(c) Hogback/हॉगबैक
(d) Graben/ग्राबेन

**Ans. (d) :** भ्रंश घाटी का विकास तब होता है जब दो भ्रंश रेखाओं के बीच की चट्टानी स्तम्भ नीचे की ओर धस जाती है। तब तनाव जनित बल के कारण दो भूखण्डों का विपरीत दिशा में खिसकाव होता है, तब इसका निर्माण होता है, भ्रंश घाटियाँ लंबी, संकरी व गहरी होती हैं इन्हें जर्मन भाषा में 'ग्राबेन' कहा जाता है। विभिन्न स्थानों पर संपीडन की भिन्नता के कारण कभी-कभी एक बृहत अपनति में कई छोटी-छोटी अपनतियाँ व अभिनतियाँ मिलती हैं ऐसी आवृत्ति को समपनति कहते हैं। इसी तरह जब असामान्य संपीडन के कारण एक बृहत अभिनति के अन्तर्गत कई छोटी-छोटी अपनतियाँ व अभिनतियाँ बन जाती हैं तो उस बृहद अभिनति को समभिनति कहते हैं। इन दोनों स्थलाकृतियों को पंखाकार वलन कहते हैं।

**5. Which one of the following is not a tropicana desert?/निम्नलिखित में से कौन उष्णकटिबंधीय मरुस्थल नहीं है?**

(a) Arabia/अरबिया (b) Atacama/अटाकामा
(c) Gobi/गोबी (d) Kalahari/कालाहारी


Adda247
Test Prime
ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION
1,00,000+ Mock Tests
Personalised Report Card
Unlimited Re-Attempt
600+ Exam Covered
25,000+ Previous Year Papers
500% Refund
IBPS
NABARD
INDIAN RAILWAYS
ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247 GET IT ON Google Play

**Ans. (c) :** गोबी उष्णकटिबंधीय मरुस्थल नहीं है, जबकि अरबिया, आटाकामा, कालाहारी उष्णकटिबंधीय मरुस्थल हैं। गोबी मरुस्थल चीन और मंगोलिया में स्थित हैं यह विश्व के ठंडे रेगिस्तानों में से एक हैं जहाँ तापमान शून्य से चालीस डिग्री नीचे तक चला जाता है, यह मरुस्थल अल्ताई पर्वतमाला से घिरा हुआ है।

- सहारा मरुस्थल विश्व का सबसे बड़ा गर्म मरुस्थल है।

| विश्व के रेगिस्तान – | विस्तार क्षेत्र |
|---|---|
| काराकुम मरुस्थल – | तुर्कमेनिस्तान |
| अटाकामा मरुस्थल – | उत्तरी चिली |

**नोट–**'थार' रेगिस्तान एक उष्णकटिबंधीय मरुस्थल है इसका विस्तार भारत और पाकिस्तान में है।

**6. Which Part of the Indian Constitution deals with Fundamental Rights?**
**भारतीय संविधान का कौन-सा भाग मौलिक अधिकार से संबंधित है?**

(a) Part II/भाग II (b) Part I/भाग I
(c) Part III/भाग III (d) Part IV/भाग IV

**Ans. (c) :** भारतीय संविधान का भाग-III मौलिक अधिकारों से सम्बन्धित है। यह अमेरिका के संविधान से लिया गया है। संविधान में इसका उल्लेख अनुच्छेद 12 से 35 तक में दिया गया है। संविधान के भाग-3 को भारत का मैग्नाकार्टा कहा जाता है। मूल अधिकारों को संविधान द्वारा सुरक्षा प्रदान की गयी है जो राष्ट्र के लिये आवश्यक हैं।

मूल रूप से संविधान में 7 मूल अधिकार प्रदान किये गये थे, लेकिन बाद में 44वें संविधान संशोधन अधिनियम 1978 द्वारा सम्पत्ति के अधिकार को मूल अधिकार की सूची से हटा दिया गया है। इसे संविधान के भाग XII में अनुच्छेद 300 क के तहत कानूनी अधिकार बना दिया गया। वर्तमान में छः मूल अधिकार हैं–

1. समता का अधिकार अनु. 14-18
2. स्वतन्त्रता का अधिकार अनु. 19-22
3. शोषण के विरूद्ध अधिकार अनु. 23-24
4. धार्मिक स्वतन्त्रता का अधिकार अनु. 25-28
5. संस्कृति एवं शिक्षा सम्बन्धी अधिकार अनु. 29-30
6. संवैधानिक उपचारों का अधिकार अनु. 32

**7. Which one of the following Amendment of the Constitution of India deals with the issue of strengthening of the Panchayat Raj?**
**पंचायती राज को सुदृढ़ करने हेतु निम्नलिखित में से कौन सा भारतीय संविधान संशोधन किया गया?**

(a) 44th Amendment/44 वाँ संशोधन
(b) 42nd Amendment/42 वाँ संशोधन
(c) 73rd Amendment /73 वाँ संशोधन
(d) 86th Amendment/86 वाँ संशोधन

**Ans. (c) :** पंचायती राज को सुदृढ़ करने हेतु भारतीय संविधान सभा द्वारा 73वां संविधान संशोधन 1992 में किया गया तथा 1993 में लागू हुआ। भारत में पंचायती राज शब्द का उल्लेख ग्रामीण स्थानीय स्वशासन से सम्बंधित है। राजस्थान देश का पहला राज्य था जहाँ पंचायती राज की स्थापना हुयी। पंचायतीराज व्यवस्था की शुरूआत 2 अक्टूबर 1959 को राजस्थान के नागौर जिले में तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू द्वारा किया गया। इस अधिनियम ने भारत के संविधान में एक नया खंड भाग-IX सम्मिलित किया गया, इसे 'पंचायत' के नाम से जाना जाता है। अनुच्छेद 243 से 243 'ण' तक में सम्मिलित है। इस अधिनियम ने संविधान में 11वीं अनुसूची भी जोड़ी। इस अनुसूची में 29 विषय सम्मिलित हैं।

**नोट–** संविधान के अनुच्छेद 40 को एक व्यावहारिक रूप दिया जिसमें कहा गया है कि, ''राज्य, ग्राम पंचायतों को गठित करने के लिये एक कदम उठायेगा।

**8. The office of International Court of Justice is situated in**
**अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय स्थित है–**

(a) London/लंदन (b) New York/न्यूयार्क
(c) The Hague/द हेग (d) Paris/पेरिस

**Ans. (c) :** अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय द हेग (नीदरलैण्ड) में स्थित है। इसकी स्थापना 1945 ई. में संयुक्त राष्ट्र के चार्टर द्वारा की गयी और अप्रैल 1946 से काम करना शुरू किया। इस न्यायालय में 15 न्यायाधीश होते हैं जिन्हें संयुक्त राष्ट्र महासभा और सुरक्षा परिषद द्वारा 9 वर्षों के लिये चुना जाता है। ये दोनों निकास एक समय पर लेकिन अलग-अलग मतदान करते हैं।

अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय में भारतीय न्यायाधीश का क्रम– सर बेनेगल राव (1952-53), नागेन्द्र सिंह (1985-1988), रघुनंदन स्वरूप पाठक (1989-1991), दलवीर भण्डारी (27 अप्रैल 2012 से अब तक)।

यूनेस्को का मुख्यालय पेरिस फ्रांस में है।

**9. Population control and family planning is listed in which Schedule in the Indian Constitution?**
**जनसंख्या नियंत्रण व परिवार नियोजन विषय भारतीय संविधान के अंतर्गत किस सूची में शामिल है?**

(a) Union list/संघ सूची
(b) State list/राज्य सूची
(c) Concurrent list/समवर्ती सूची
(d) Residual subjects/अवशिष्ट विषय

**Ans. (c) :** जनसंख्या नियंत्रण व परिवार नियोजन विषय भारतीय संविधान के अन्तर्गत समवर्ती सूची में शामिल हैं। संघ सूची, राज्य सूची और समवर्ती सूची का उल्लेख सातवीं अनुसूची में हैं। संघ सूची में मूल रूप से 97 विषय (वर्तमान में 100 विषय), राज्य सूची में मूल रूप से 66 विषय (वर्तमान में 61 विषय) और समवर्ती सूची में 47 विषय शामिल थे।

**संघ सूची के विषय–**भारतीय रिजर्व बैंक, संघ लोक का ऋण, डाकघर बचत बैंक, रेल, रक्षा उद्योग, जनगणना, अखिल भारतीय सेवाएँ आदि।

**राज्य सूची–**लोक व्यवस्था, पुलिस, पथकर, कृषि आय पर कर, राज्य लोक ऋण, लोक स्वास्थ्य और स्वच्छता आदि।

**समवर्ती सूची–**बाट माप जिनके अन्तर्गत मानकों का नियत किया जाना, सामाजिक सुरक्षा और सामाजिक बीमा नियोजन, जन्म-मरण सांख्यिकी जिसके अन्तर्गत जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण है।

**10. Which one of the following Directive Principles related to Foreign Policy?/निम्नलिखित में से कौन-सा निदेशक सिद्धांत विदेश नीति से संबंधित है?**

(a) Article 49/अनुच्छेद 49
(b) Article 48/अनुच्छेद 48
(c) Article 50/अनुच्छेद 50
(d) Article 51/अनुच्छेद 51

**Ans. (d) :** अनुच्छेद-51 नीति निदेशक सिद्धान्त के अन्तर्गत विदेश नीति से सम्बंधित है, इसका आशय यह है कि अन्तर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की अभिवृद्धि करना तथा राष्ट्रों के बीच न्यायपूर्ण और सम्मानपूर्ण सम्बन्धों को बनाए रखना।

- राष्ट्रीय महत्व वाले घोषित किये गये कलात्मक या ऐतिहासिक अभिरुचि वाले स्मारक या स्थान या वस्तु का संरक्षण करना–अनुच्छेद 49।
- कृषि और पशुपालन को आधुनिक और वैज्ञानिक बनाने का प्रयास करना–अनुच्छेद 48।
- पर्यावरण का संरक्षण तथा संवर्धन और वन तथा वन्य जीवों की रक्षा करना–अनुच्छेद 48(A)।
- राज्य की लोक सेवाओं में, न्यायपालिका को कार्यपालिका से पृथक करना–अनुच्छेद 50।
- ग्राम पंचायतों का गठन और उन्हें आवश्यक शक्तियां प्रदान कर स्वशासन की इकाई के रूप में कार्य करने की शक्ति प्रदान करना अनुच्छेद 40।

**11. Inversion of temperature means**
**तापक्रम विलोमता का अर्थ है–**

(a) Increase of temperature with height
बढ़ती ऊँचाई के साथ बढ़ता तापक्रम
(b) Decrease of temperature with height
बढ़ती ऊँचाई के साथ घटता तापक्रम
(c) Constant temperature with height
बढ़ती ऊँचाई के साथ स्थिर तापक्रम
(d) Fluctuating temperature with height
बढ़ती ऊँचाई के साथ अस्थिर तापक्रम

**Ans. (a) :** तापक्रम विलोमता का अर्थ है, बढ़ती ऊंचाई के साथ बढ़ता तापक्रम। सामान्य नियम के विपरीत जब वायुमण्डल में ऊँचाई में वृद्धि के साथ तापमान में कमी की जगह वृद्धि होने लगती है तब यह स्थिति तापीय विलोमता कहलाती है। इस स्थिति में तापमान की उर्ध्वाधर प्रवणता उलट जाती है एवं वायु की शीतल परतें नीचे तथा गर्म परतें ऊपर स्थापित हो जाती हैं। जब गर्म हवा ठंडी हवा के ऊपर स्थापित हो जाती हैं तो वहां कोहरा बनता है। इस तरह का कोहरा जाड़े की रातों में प्रायः धुन्ध सा रहता है क्योंकि चिमनियों के धुएं विलोमता परत में पहुँचकर इसे आसान बना देते हैं।

**12. Which one of the following reservoirs is associated with Rihand Project?**
**निम्नलिखित जलाशयों में से कौन रिहन्द परियोजना से सम्बन्धित है?**

(a) Govind Ballabh Pant Sagar
गोविन्द वल्लभ पंत सागर
(b) Gandhi Sagar/गाँधी सागर
(c) Jawahar Sagar/जवाहर सागर
(d) Govind Sagar/गोविन्द सागर

**Ans. (a) :** 'रिहन्द परियोजना' गोविन्द वल्लभ पंत सागर जलाशय से सम्बंधित हैं। रिहन्द परियोजना उ.प्र. में सोन की प्रसिद्ध घाटी में उसकी सहायक नदी रिहन्द पर बनाया गया है, इस बांध के पीछे गोविन्द वल्लभ पंत सागर नामक एक कृत्रिम झील बनाई गयी हैं। यह भारत की सबसे बड़ी कृत्रिम झील हैं। यह म.प्र. तथा उ.प्र. की सीमा पर स्थित हैं।

चंबल परियोजना यमुना की सहायक चम्बल नदी पर संयुक्त रूप से बनाई गयी हैं इस परियोजना के अन्तर्गत म.प्र. में गांधी सागर बांध तथा राजस्थान में राणा प्रताप सागर बांध, जवाहर सागर बांध बनाए गये हैं। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य चंबल नदी श्रेणी में मृदा का संरक्षण करना है।

भाखड़ा नांगल परियोजना–पंजाब हिमाचल प्रदेश में सतलत नदी पर बनाया गया है यह देश की सबसे बड़ी बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना है, भाखड़ा नांगल बांध संसार का सबसे ऊँचा गुरुत्वीय बांध है, बांध के पीछे बनी झील गोविन्द सागर झील है।

**13. Shipki La is the famous mountain pass of**
**शिपकीला प्रसिद्ध पर्वतीय दर्रा है–**

(a) Uttarakhand/उत्तराखण्ड का
(b) Jammu and Kashmir/जम्मू एवं कश्मीर का
(c) Sikkim/सिक्किम का
(d) Himachal Pradesh/हिमाचल प्रदेश का

**Ans. (d) :** शिपकीला दर्रा हिमाचल प्रदेश का प्रसिद्ध पर्वतीय दर्रा है। यह दर्रा शिमला को तिब्बत से जोड़ता है।

लद्दाख क्षेत्र में स्थित काराकोरम दर्रा भारत का सबसे ऊँचा दर्रा है, यहाँ से चीन को जाने वाली सड़क भी बनायी गयी है। जोजिला दर्रा जास्कर श्रेणी में स्थित है, इससे श्रीनगर से लेह का मार्ग गुजरता है। बनिहाल दर्रे से जम्मू से श्रीनगर जाने का मार्ग गुजरता है तथा जवाहर सुरंग भी बनिहाल दर्रे में है।

सिक्किम में स्थित नाथूला व जैलेप्ला दर्रे का व्यापक महत्व है, यहाँ से दार्जलिंग व चुम्बी घाटी से होकर तिब्बत जाने का मार्ग है।

**नोट–** थांगला, माना, नीति व लिपुलेख दर्रा उत्तराखंड के कुमायूँ श्रेणी में स्थित है।

**14. Social studies teacher should have the knowledge of subject matter as well**
**सामाजिक अध्ययन के अध्यापक को विषय-वस्तु के साथ-साथ ज्ञान होना चाहिए–**

(a) Teaching methods/शिक्षण विधियों का
(b) Educational objectives/शिक्षा के उद्देश्यों का
(c) Teaching technology/शिक्षण तकनीक का
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

**Ans. (*) :** सामाजिक अध्ययन के अध्यापक को विषय वस्तु के साथ-साथ शिक्षण विधियों, शिक्षा के उद्देश्यों तथा शिक्षण तकनीक का भी ज्ञान होना चाहिए। जिस ढंग से शिक्षक शिक्षार्थी को ज्ञान प्रदान करता है उसे शिक्षण विधि कहते हैं।

शिक्षण की विधियाँ आगमन विधि आदि हैं।

| **शिक्षण विधि** | – | **प्रतिपादक** |
|---|---|---|
| मांटेसरी विधि | – | मारिया मांटेसरी |
| किंडर गार्टन विधि | – | फ्रोबेल |

**नोट–** इस प्रश्न में (a), (b) तथा (c) तीनों विकल्प सही है।

Adda247

GET IT ON Google Play

15. **The most useful teaching material for Geography is/भूगोल शिक्षण हेतु सर्वाधिक उपयोगी सहायक सामग्री है–**

(a) Map/मानचित्र (b) Calendar/कैलेण्डर
(c) Flash Card/फ्लैश कार्ड (d) Barometer/बैरोमीटर

**Ans. (a) :** भूगोल शिक्षण हेतु सर्वाधिक उपयोगी सहायक सामग्री 'मानचित्र' है। मानचित्र पृथ्वी की सतह या इसके एक भाग का पैमाने के माध्यम से चपटी सतह पर खींचा गया चित्र है। मानचित्र विभिन्न प्रकार के होते हैं।

**भौतिक मानचित्र–**पृथ्वी की प्राकृतिक आकृतियों जैसे–पर्वत, पठार, नदियाँ, मैदान महासागरों इत्यादि को दर्शाने वाले मानचित्रों को भौतिक या उच्चावच मानचित्र कहा जाता है।

**थिमैटिक मानचित्र–**कुछ मानचित्र विशेष जानकारियां प्रदान करते हैं जैसे सड़क मानचित्र, वर्षा मानचित्र, वन तथा उद्योगों आदि के वितरण दर्शाने वाले मानचित्र को थिमैटिक मानचित्र कहा जाता है।

**नोट–**मानचित्र के तीन घटक है–

1. दूरी 2. दिशा 3. प्रतीक

16. **'Ashtadhyayee' was written by**
**'अष्टाध्यायी' के लेखक थे–**

(a) Panini/पाणिनि (b) Vedavyas/वेदव्यास
(c) Shukadeva/शुकदेव (d) Valmiki/वाल्मीकि

**Ans. (a) :** अष्टाध्यायी के लेखक पाणिनी हैं–

| पुस्तक | | लेखक |
|---|---|---|
| महाभारत | – | वेद व्यास |
| रामायण | – | वाल्मीकि |
| पंचतंत्र | – | विष्णु शर्मा |
| प्रेमवाटिका | – | रसखान |
| दशकुमार चरितम् | – | दण्डी |
| अष्टाध्यायी | – | पाणिनी |
| मुद्राराक्षस | – | विशाखदत्त |
| अर्थशास्त्र | – | चाणक्य (विष्णुगुप्त) |

17. **The Second Buddhist Council was held during the reign of/द्वितीय बौद्ध संगीति का आयोजन किसके राज्यकाल में हुआ था?**

(a) Mahapadmananda/महापद्मनान्द
(b) Udayabhadra/उदयभद्र
(c) Shishunaga/शिशुनाग
(d) Kalashoka/कालाशोक

**Ans. (d) :** द्वितीय बौद्ध संगीति का आयोजन कालाशोक के राज्यकाल में हुआ था। बौद्ध सभाएँ जो आयोजित की गयी।

| सभा | समय | स्थान | अध्यक्ष | शासनकाल |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम बौद्ध संगीति | 483 ई.पू. | राजगृह | महाकस्सप | अजातशत्रु |
| द्वितीय बौद्ध संगीति | 383 ई.पू. | वैशाली | सुबुकामी | कालाशोक |
| तृतीय बौद्ध संगीति | 251 ई.पू. | पाटिलपुत्र | मोगलिपुत्त तिस्स | अशोक |
| चतुर्थ बौद्ध संगीति | ई. की प्रथम शताब्दी | कुण्डलवन (कश्मीर) | वासुमित्र/अश्वघोष | कनिष्क |

**नोट–**चतुर्थ बौद्ध संगीति के बाद बौद्ध धर्म दो भागों में हीनयान एवं महायान में विभाजित हो गया।

18. **Akbar constructed 'Ibadat-Khana' in**
**अकबर ने 'इबादत खाना' का निर्माण करवाया था–**

(a) Fathehpur Sikri/फतेहपुर सीकरी में
(b) Agra/आगरा में
(c) Delhi/दिल्ली में
(d) Sikandara/सिकंदरा में

**Ans. (a) :** अकबर ने इबादतखाना का निर्माण फतेहपुर सीकरी में करवाया था, जिसका अर्थ पूजा का घर होता है। इसका निर्माण 1575 ई. में किया गया था। इबादत खाना में अकबर विभिन्न धर्मों के विद्वानों के साथ चर्चा करते थे।

| इमारत | निर्माणकर्ता | स्थान |
|---|---|---|
| ताजमहल | शाहजहाँ | आगरा |
| लाल किला | शाहजहाँ | दिल्ली |
| अकबर का मकबरा | जहांगीर | सिकन्दरा |
| पुराना किला | शेरशाह सूरी | दिल्ली |
| शालीमार बाग | जहांगीर | श्रीनगर |
| कुतुबमीनार | कुतुबुद्दीन ऐबक | दिल्ली |
| ढाई दिन का झोपड़ा | कुतुबुद्दीन ऐबक | अजमेर (राजस्थान) |
| अकबर का किला | अकबर | इलाहाबाद |

19. **The Arya Samaj was founded in the year**
**आर्य समाज की स्थापना हुई थी–**

(a) 1870 A.D./1870 ई. में
(b) 1865 A.D./1865 ई. में
(c) 1875 A.D./1875 ई. में
(d) 1880 A.D./1880 ई. में

**Ans. (c) :** आर्य समाज की स्थापना 1875 ई. में मुम्बई में हुयी थी। इसकी स्थापना स्वामी दयानन्द सरस्वती ने की थी।

| संस्थाएं | स्थापना वर्ष | संस्थापक |
|---|---|---|
| ब्रह्म समाज | 1828 | राजाराम मोहन राय |
| सत्यशोधक समाज | 1873 | ज्योतिबा फुले |
| वेलूर मठ | 1897 | स्वामी विवेकानन्द |
| रामकृष्ण मिशन | 1897 | स्वामी विवेकानन्द |
| अभिनव भारत संस्था | 1904 | विनायक दामोदर सावरकर |
| सर्वेन्ट ऑफ इण्डिया सोसाइटी | 1905 | गोपाल कृष्ण गोखले |
| गदर पार्टी | 1913 | लाला हरदयाल |
| स्वराज पार्टी | 1923 | मोतीलाल नेहरू चितरंजन दास |
| फॉरवर्ड ब्लॉक | 1939 | सुभाष चन्द्र बोस |

20. **Who among the following was not associated with Kakori case?**
**निम्न में से कौन काकोरी कांड से सम्बन्धित नहीं है?**

(a) Rajendra Lahiri/राजेन्द्र लाहिड़ी
(b) Ramprasad Bismil/रामप्रसाद बिस्मिल
(c) Ashfaqullah Khan/अशफाकउल्ला खाँ
(d) Surya Sen/सूर्य सेन

Adda247
GET IT ON Google Play

**Ans. (d) :** काकोरी कांड से सूर्य सेन सम्बन्धित नहीं हैं जबकि राजेन्द्र लाहिड़ी, रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खाँ काकोरी कांड से सम्बंधित हैं। हाल ही में उ.प्र. सरकार ने काकोरी कांड का नाम बदलकर काकोरी ट्रेन एक्शन कर दिया। इसका नाम इसलिए बदल दिया गया कि कांड शब्द सही भावना को नहीं दर्शाता है। यह घटना 9 अगस्त 1925 को लखनऊ के पास काकोरी नामक गांव में ब्रिटिश राज के खिलाफ भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन के क्रांतिकारियों द्वारा की गयी थी।

**नोट–**सूर्य सेन चटगाँव शस्त्रागार लूट (18 अप्रैल 1930) से सम्बन्धित थे। बंगाल के सूर्यसेन (मास्टर दा) ने अंग्रेजों के विरूद्ध प्रबल क्रांतिकारी आन्दोलन का नेतृत्व किया।

**21. Which one of the following is the most suitable teaching aid to show proportionate size and shape of continents?**
**निम्नांकित में से कौन-सी शिक्षण सहायक सामग्री महाद्वीपों के आनुपातिक क्षेत्र एवं आकार को दर्शाने में सर्वाधिक उपयुक्त है?**

(a) Physical map of the world
विश्व का प्राकृतिक मानचित्र
(b) Political map of the world
विश्व का राजनैतिक मानचित्र
(c) Globe/ग्लोब
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

**Ans. (c) :** 'ग्लोब' एक सहायक शिक्षण सामग्री है। जिसका प्रयोग महाद्वीपों के आनुपातिक क्षेत्र एवं आकार को दर्शाने में सर्वाधिक उपयुक्त हैं। ग्लोब पृथ्वी का लघु रूप में एक वास्तविक प्रतिरूप है। ग्लोब पर देशों, महाद्वीपों तथा महासागरों को उनके सही आकार में दिखाया जाता है।

भौतिक मानचित्र वो मानचित्र होते हैं जो पृथ्वी की प्राकृतिक विशेषताओं को दर्शाता है, जैसे पर्वत, पठार, मैदान, महासागर, नदियाँ आदि।

राजनीतिक मानचित्र वो मानचित्र होते हैं जिसमें देशों, राज्यों, कस्बों, और शहरों का प्रतिनिधित्व उनकी राजनीतिक सीमाओं के साथ किया जाता है।

**थिमैटिक मानचित्र–**कुछ मानचित्र विशेष जानकारियां प्रदान करते हैं- जैसे सड़क मानचित्र, वर्षा मानचित्र आदि इस प्रकार के मानचित्र को थिमैटिक मानचित्र कहते हैं।

**नोट–**मानचित्र के तीन घटक हैं–दूरी, दिशा और प्रतीक

**22. The suitable method of geography teaching is**
**भूगोल शिक्षण की उपयुक्त विधि है–**

(a) Discussion method/वार्तालाप विधि
(b) Tour method/भ्रमण विधि
(c) Story method/कहानी विधि
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

**Ans. (b) :** भूगोल शिक्षण की उपयुक्त विधि भ्रमण विधि है। भ्रमण विधि एक बाल केन्द्रित शिक्षण विधि है इस विधि में छात्र हमेशा सक्रिय रहते हैं। भ्रमण विधि द्वारा बालक विषय वस्तु का अवलोकन करते हैं। इस विधि से बच्चों में अवलोकन, कल्पना, तर्क, टिप्पणी एवं निरीक्षण क्षमता जैसे कौशलों का विकास होता है। वार्तालाप विधि या बातचीत मनुष्य द्वारा समाज में परस्पर सम्पर्क करने का एक बहुपक्षीय और स्वाभाविक माध्यम है इससे मनुष्य अपने विचारों का आदान प्रदान करता है। कहानी/कथन विधि सामाजिक अध्ययन शिक्षण की एक महत्वपूर्ण विधि है इसके माध्यम से शिक्षक छात्रों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करता है। यह विधि मनोवैज्ञानिक विधि है।

**नोट–**भ्रमण विधि के जनक पेस्टोलॉजी हैं।

**23. A universal language of the map can be understood by way of/मानचित्र को समझने की सर्वव्यापी भाषा को समझा जा सकता है–**

(a) Conventional symbols/रूढ़ चिह्नों से
(b) Sketch/रेखाचित्रों से
(c) Alphabets/वर्णमाला के अक्षरों द्वारा
(d) Thematic maps/थीमैटिक मानचित्रों से

**Ans. (a) :** मानचित्र को समझने की सर्वव्यापी भाषा को रूढ़ चिन्हों से समझा जा सकता है। रूढ़ चिन्हों से तात्पर्य उन चिन्हों से होता है, जो अलग-अलग भौतिक और सांस्कृतिक संरचनाओं को प्रदर्शित करने के लिए निर्मित किये जाते हैं। यह चिन्ह किसी विशिष्ट संरचना या विशिष्ट संकेत आदि को प्रदर्शित करने के लिए बनाये जाते हैं और उसी संदर्भ में रूढ़ हो जाते हैं, इसीलिए इन्हें 'रूढ़ चिन्ह' कहा जाता है। जैसे सड़क के किनारे लगे साइन बोर्ड पर यातायात के अलग-अलग चिन्ह, नक्शे आदि पर नदी, तालाब, पेड़, सड़क आदि को प्रदर्शित करने के लिए बनाये जाने वाले चिन्ह।

**24. U-shaped valley is formed by**
**यू-आकार की घाटी का निर्माण होता है**

(a) River/नदी द्वारा
(b) Glacier/हिमनदी द्वारा
(c) Winds/पवन द्वारा
(d) Sea waves/सागरीय तरंगों द्वारा

**Ans. (b) :** यू-आकार की घाटी का निर्माण 'हिमनद' द्वारा होता है। ऊँचाई पर स्थित हिमानियों के पार्श्व अपरदन के कारण इस प्रकार की घाटी का निर्माण होता है, इसका निचला तल चौड़ा एवं चपटा तथा किनारे खड़े होते हैं जिसके कारण इसका आकार U अक्षर के समान प्रतीत होता है।

**V आकार की घाटी–**V आकार की घाटी पर्वतीय क्षेत्रों में पायी जाती है, V आकार की घाटी का निचला भाग भीतरी समोच्च रेखाओं के द्वारा दिखाया जाता है जो पास-पास स्थित होते हैं तथा जिनके समोच्च का मान कम होता है, बाहर की ओर स्थित समोच्च रेखाओं का मान एक समान रूप से बढ़ता है।

**जलप्रपात–**किसी नदी तल पर काफी ऊँचाई से पानी का उर्ध्वाधर गिरना जलप्रपात कहलाता है।

**रैपिड–**कभी-कभी जल प्रपात सोपानी धारा के रूप में गिरता है रैपिड कहलाता है।

**25. The capital of Australia is**
**आस्ट्रेलिया की राजधानी है–**

(a) Canberra/कैनबरा
(b) Sydney/सिडनी
(c) Melbourne/मेलबोर्न
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

Ans. (a) : आस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा है।

| देश | राजधानी | मुद्रा |
|---|---|---|
| न्यूजीलैण्ड | वेलिंगटन | डॉलर |
| टोंगा | नुकोअलाफा | पांग |
| वानाआतू | पोर्टविला | वातू |
| पापुआ न्युगिनी | पोर्टमोरेस्बी | किना |
| पलाऊ | अरुलमडु | U.S.A डॉलर |
| डोमिनियन गणतन्त्र | सेंटो डोमिंगो | पीसो |
| एंटीगुआ व बरबुड़ा | सेन्ट जॉन्स | कोलन |
| प्यूर्टोरिको | सान जुआन | डॉलर |
| हैती | पोर्ट ओ-प्रिंस | गोर्डे |

26. Who is the founder of Din-i-Ilahi?
दीन-ए-इलाही की स्थापना किसने की?
(a) Humayun/हुमायूँ
(b) Muhammad Gajanavi/मुहम्मद गजनवी
(c) Akbar/अकबर
(d) Shershah Suri/शेरशाह सूरी

Ans. (c) : दीन-ए-इलाही की स्थापना अकबर ने 1582 ई. में की थी। यह विभिन्न धर्मों के बीच मतभेद की खाई को भरने के लिये चलाया गया था। यह एक ईश्वर में विश्वास करता था। इसमें सभी धर्मों के अच्छे तत्व समाहित थे। हुमायूँ ने दीनपनाह नगर की स्थापना की थी। हुमायूँनामा की रचना गुलबदन बेगम ने की थी। महमूद गजनवी के भारतीय आक्रमण का मुख्य उद्देश्य धन की प्राप्ति था, वह एक मूर्तिभंजक आक्रमणकारी था, इसका सबसे चर्चित आक्रमण 1025 ई. में सोमनाथ मन्दिर का आक्रमण था। शेरशाह का मकबरा सासाराम में है। रोहताश गढ़ किला, किला-ए-कुहना नामक मस्जिद का निर्माण शेरशाह के द्वारा किया गया था।

27. In whose region did Hsuan-tsang come to India?
ह्वेन सांग किसके शासन काल में भारत आया था?
(a) Chandragupta Vikramaditya
चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य
(b) Samudragupta/समुद्रगुप्त
(c) Harshvardhan/हर्षवर्धन
(d) Skandgupta/स्कन्दगुप्त

Ans. (c) : ह्वेनसांग हर्षवर्धन के शासनकाल में आया था। यह 629-645 ई. के बीच भारत में रहा, वह नालंदा विश्वविद्यालय में अध्ययन करने तथा बौद्ध ग्रन्थों को एकत्र कर ले जाने के लिये आया था। इसका भ्रमण वृतान्त सी-यू-की के नाम से प्रसिद्ध है। फाहियान गुप्त नरेश चन्द्रगुप्त द्वितीय (चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य) के दरबार में आया था। इसने अपने विवरण में म.प्र. की जनता को सुखी एवं समृद्ध बताया।
डाइमेकस सीरियन नरेश आन्तियोकस का राजदूत था, जो बिन्दुसार के दरबार में आया था।
डायोनिसियस- यह मिस्र नरेश टॉलमी फिलाडेल्फस का राजदूत था जो अशोक के दरबार में आया था।
मार्कोपोलो इटली का यात्री था यह पाण्ड्य देश की यात्रा पर आया था।
तारानाथ एक तिब्बती लेखक था।

28. Who among the following emperors was called 'Qalandar'?/निम्नलिखित बादशाहों में से किसे 'कलन्दर' कहा जाता है?
(a) Humayun/हुमायूँ (b) Babur/बाबर
(c) Akbar/अकबर (d) Shahjahan/शाहजहाँ

Ans. (b) : मुगल बादशाह बाबर को 'कलन्दर' कहा जाता है। बाबर का जन्म 1483 ई. में हुआ था। पिता का नाम उमरशेख मिर्जा था जो फरगना के शासक थे। बाबर ने ही मुगल वंश की स्थापना की थी बाबर ने बादशाह की उपाधि धारण की थी। पानीपत के प्रथम युद्ध में बाबर ने पहली बार तुलुगमा युद्ध नीति एवं तोपखाने का प्रयोग किया था। उस्ताद अली एवं मुस्तफा बाबर के दो प्रसिद्ध तोपची (तोप चलाने वाले) थे जिसने पानीपत के प्रथम युद्ध में भाग लिया था।
• बाबर को अपनी उदारता के लिये कलन्दर की उपाधि दी गयी।
• खानवा के युद्ध (1527 ई.) में बाबर ने राणासांगा के खिलाफ जिहाद का नारा दिया।
नोट–बाबर ने उसकी आत्मकथा बाबरनामा (तुजुक-ए-बाबरी) की रचना तुर्की में की थी। जिसका बाद में अनुवाद फारसी भाषा में अब्दुलरहीम खान खाना ने किया।

29. The Governor General, who partitioned Bengal was/बंगाल का विभाजन करने वाला गवर्नर जनरल था–
(a) Canning/कैनिंग (b) Curzon/कर्जन
(c) Minto/मिंटो (d) Mayo/मेयो

Ans. (b) : बंगाल का विभाजन करने वाला गवर्नर जनरल लार्ड कर्जन था। कर्जन ने 19 जुलाई 1905 में बंगाल प्रेसीडेंसी के विभाजन की घोषणा की। अंततः वर्ष 1911 में बढ़ते विरोध के कारण लार्ड हार्डिंग द्वारा बंगाल विभाजन को रद्द करने की घोषणा की गयी।
• लार्ड कैनिंग के समय की सबसे महत्वपूर्ण घटना 1857 का क्रांति थी।
• लार्ड मिंटो के समय में अलग निर्वाचन व्यवस्था मार्ले मिन्टो सुधार अधि. 1909 द्वारा किया गया।
• लार्ड मेयो के समय में प्रथम जनगणना 1872 में करवायी गयी।
नोट–फ्लोरेंस नाइटिंगेल ने रिपन को 'भारत के उद्धारक' की संज्ञा दी।

30. Kunwar Singh was the Zamindar of which State?/कुँवर सिंह किस राज्य के जमींदार थे?
(a) Jagdishpur/जगदीशपुर (b) Barrack-pore/बैरकपुर
(c) Avadh/अवध (d) Bitthore/बिठूर

Ans. (a) : कुँवर सिंह जगदीशपुर राज्य के जमींदार थे। 1857 की क्रांति में जगदीशपुर, बैरकपुर, अवध, बिठूर का कुछ न कुछ अपना एक महत्व था। जैसे जगदीशपुर का नेतृत्व कुँवर सिंह ने किया था, 1857 की क्रांति का तात्कालिक कारण गाय और सुअर की चर्बी लगे कारतूस थे। 29 मार्च 1857 को मंगल पाण्डे नामक एक सैनिक ने गाय की चर्बी मिले कारतूसों को मुँह से काटने से स्पष्ट मना कर दिया, 10 मई 1857 ई. के दिन मेरठ की पैदल टुकड़ी 20 N.I. से 1857 की क्रांति की शुरुआत हुयी। दिल्ली का नेतृत्व बहादुरशाह जफर ने किया था, लखनऊ का नेतृत्व बेगम हजरत महल ने किया था।
नोट–1857 ई. की क्रांति के समय भारत का गवर्नर जनरल लार्ड कैनिंग एवं इंग्लैण्ड के प्रधानमंत्री पामर्स्टन थे।

31. How many Suddh and Vikrit swaraas total are there in Hindustani Sangeet?
हिन्दुस्तानी संगीत में शुद्ध और विकृत कुल मिलाकर कितने स्वर होते हैं?
(a) 08/आठ (b) 12/बारह
(c) 07/सात (d) 11/ग्यारह

Adda247
GET IT ON Google Play

Ans. (b) : हिन्दुस्तानी संगीत में शुद्ध और विकृत कुल मिलाकर 12 स्वर होते हैं। एक सप्तक में 7 शुद्ध और 5 विकृत कुल 12 स्वर माने गये हैं। शुद्ध स्वर निश्चित स्थान पर रहता है तो शुद्ध स्वर कहलाता है। शुद्ध स्वर 7 माने गये हैं–

षड्ज – सा
ऋषभ – रे
गांधार – ग
मध्यम – म
पंचम – प
धैवत – ध
निषाद – नी

विकृत स्वरों की संख्या 5 है
कोमल स्वर– रे, ग, ध, नी
तीव्र स्वर– म

32. With which Gayald Char Taal is used?
चार ताल का प्रयोग किस गायकी के साथ किया जाता है?
(a) Tarana/तराना (b) Dhamar/धमार
(c) Dhrupad/ध्रुपद (d) Khyal/ख्याल

Ans. (c) : 'चार ताल' का प्रयोग ध्रुपद गायकी के साथ किया जाता है। ध्रुपद हिन्दुस्तानी संगीत के सबसे पुराने और भव्य रूपों में से एक है। अकबर के शासनकाल में तानसेन और बैजूबावरा से लेकर राजा मानसिंह तोमर के दरबार तक ध्रुपद गाने वाले मिलते हैं। ध्रुपद एक काव्यात्मक रूप है, इसमें संस्कृत अक्षरों का प्रयोग किया जाता है।

**तराना –** यह एक कर्कश प्राकृतिक राग हैं। अमीर खुसरों को इस विधा का जनक माना जाता है।

**ख्याल–**शब्द फारसी का शब्द है, इसका अर्थ होता है विचार या कल्पना। इस शैली के उद्भव का श्रेय अमीर खुसरो को दिया जाता है। ख्याल को शास्त्रीय स्वरूप प्रदान करने का श्रेय सदानन्द नियामत खाँ को है।

33. Amongst these who is not a "Tabla Player"
इनमें से कौन 'तबला वादक' नहीं है?
(a) Zakir Husain/जाकिर हुसैन
(b) Pt. Kishan Maharaj/पं. किशन महाराज
(c) Ram Das Sharma/राम दास शर्मा
(d) Ahmed Jan Thirakwa/अहमद जान थिरकवा

Ans. (c) : रामदास शर्मा तबला वादक नहीं है जबकि जाकिर हुसैन, पं. किशन महाराज, अहमद जान थिरकवा तबला वादक हैं।

| भारत के प्रमुख वाद्य यन्त्र | वादक |
|---|---|
| सितार | पंडित रविशंकर, निखिल बनर्जी, विलायत खां |
| तबला | जाकिर हुसैन, गुदई महाराज, किशन महाराज |
| बांसुरी | पन्नालाल घोष, हरिप्रसाद चौरसिया, राजेन्द्र कुलकर्णी |
| सरोद | अमजद अली खां, अली अकबर खां |
| शहनाई | बिस्मिल्ला खां, अली अहमद हुसैन खां |
| संतूर | भजन सोपारी, शिवकुमार शर्मा |
| मृदंग | ठाकुर भीकम सिंह, पालधार रघु |
| सारंगी | उस्ताद बिन्दु खां, राम नारायण, गोपाल मिश्र |
| वीणा | एस बालचन्द्रन, बदरूद्दीन डागर |

34. Where was first "National Games" Organised?
प्रथम ''राष्ट्रीय खेल'' कहाँ आयोजित हुये?
(a) Mumbai/मुम्बई (b) New Delhi/नई दिल्ली
(c) Kolkata/कोलकाता (d) Chennai/चेन्नई

Ans. (a) : 1940 में बाम्बे (मुम्बई) में प्रथम राष्ट्रीय खेल का आयोजन किया गया था। प्रत्येक दो वर्ष बाद राष्ट्रीय खेलों का आयोजन किया जाता है। इन खेलों को भारतीय ओलम्पिक खेल के नाम से भी जाना जाता है। भारत पहली बार 1920 में ओलम्पिक खेलों में भाग लिया। 1924 के ओलम्पिक खेलों में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों के चयन हेतु पहला भारतीय ओलम्पिक खेल 1924 में लाहौर में आयोजित किया गया। इसी खेल का नौवाँ संस्करण मुम्बई में 1940 में आयोजित किया गया, जिसमें इसे राष्ट्रीय खेल नाम दिया गया।

पहला आधुनिक राष्ट्रीय खेल 1985 में नई दिल्ली में आयोजित किया गया।

35. "Today India does not need Geeta but needs a football ground." This thought was given by which Thinker?/''आज भारत को गीता की नहीं, बल्कि फुटबाल के मैदान की आवश्यकता है।'' यह किस विचारक ने प्रस्तुत किया है?
(a) Swami Vivekanand/स्वामी विवेकानन्द
(b) Radhakrishnan/राधाकृष्णन
(c) Pluto/प्लेटो
(d) Rousseau/रूसो

Ans. (a) : ''आज भारत को गीता की नहीं बल्कि फुटबाल के मैदान की आवश्यकता है।'' यह विचार स्वामी विवेकानन्द जी का है।

''शिक्षक वह नहीं जो छात्र के दिमाग में तथ्यों को जबरन ठूंसे, बल्कि वास्तविक शिक्षा तो वह है जो उसे आने वाले कल की चुनौतियों के लिये तैयार करे''– **सर्वपल्ली राधाकृष्णन**

''अपने जीवन के संरक्षण के लिये प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जान जोखिम में डालने का अधिकार है''– **रूसो**

36. Progeny of nucleus seed is
केन्द्रिक बीज की संतति है–
(a) Foundation seed/आधारीय बीज
(b) Breeder seed/प्रजनक बीज
(c) Certified seed/प्रमाणित बीज
(d) Registered seed/पंजीकृत बीज

Ans. (b) : 'प्रजनक बीज' केन्द्रीय बीज (Breeder seed) की संतति है। आनुवंशिक शुद्धता का उत्पादन और उन कृषकों को उपलब्ध होना, उत्तम बीजों के उत्पादन पर निर्भर रहता है, प्रजनक बीज उत्पादन का कार्य भारतीय कृषि अनुसंधान केन्द्रों व राज्यों के कृषि विश्वविद्यालयों द्वारा किया जाता है इस बीज की थैली पर सुनहरे पीले रंग का बीज के विवरण का लेबिल लगा होता है।

**आधार बीज (Foundation Seed)–**यह बीज प्रजनक बीज की संतति होती है जिसे बीज प्रमाणीकरण संस्था की देखरेख में निर्धारित मानकों पर पाये जाने पर प्रमाणित किया जाता है। आधार बीज की थैलियों पर सफेद रंग का प्रमाणीकरण टैग (लेबिल) लगा होता है।

**प्रमाणित बीज (Certified seed)–**आधार बीज से द्विगुणन कर प्रमाणित बीज तैयार किया जाता है। जिसे बीज प्रमाणीकरण संस्था द्वारा निर्धारित मानक अनुसार पाये जाने पर प्रमाणित किया जाता है। प्रमाणित बीज की थैलियों पर नीले रंग का टैग लगा होता है।

Adda247 GET IT ON Google Play

**37. Central Institute of Medicinal and Aromatic Plant is situated at**
**केन्द्रीय औषधीय एवं सुगंध पौधा संस्थान स्थित है–**
(a) New Delhi/नई दिल्ली (b) Hyderabad/हैदराबाद
(c) Bhopal/भोपाल (d) Lucknow/लखनऊ

**Ans. (d) :** केन्द्रीय औषधीय एवं सुगंध पौधा संस्थान लखनऊ में स्थित है।

| भारत के प्रमुख संस्थान | स्थान |
|---|---|
| भारतीय मौसम विज्ञान संस्थान | नई दिल्ली |
| राष्ट्रीय भू-भौतिकी अनुसंधान संस्थान | हैदराबाद |
| राष्ट्रीय धातु विज्ञान प्रयोगशाला | जमशेदपुर |
| केन्द्रीय भवन निर्माण अनुसंधान संस्थान | रूड़की |
| राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान | पणजी |
| केन्द्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान | नागपुर |
| भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण विभाग | कोलकाता |

**38. The most suitable fruit for marmalad making is/मार्मलेड बनाने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त फल है–**
(a) Jamun/जामुन (b) Banana/केला
(c) Malta/माल्टा (d) Bael/बेल

**Ans. (c) :** मार्मलेड बनाने के लिये सर्वाधिक उपयुक्त फल माल्टा है। माल्टा नीबू प्रजाति का खुशबूदार एंटी ऑक्सीडेंट और शक्ति वर्धक फल है। इसका रस ही नहीं बल्कि इसका छिलका भी कारगर है। माल्टा के सेवन से गुर्दे की पथरी दूर होती है, चिकित्सक पथरी के रोगियों को माल्टा का जूस पीने की सलाह देते हैं। माल्टा सिट्रस परिवार का फल है, जिसमें विटामिन C पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। जामुन खाने से शुगर के रोगी को फायदा होता है, यह रक्त के अन्दर शर्करा की मात्रा को नियंत्रित करता है। डायबिटीज के रोगी को प्रतिदिन जामुन के या चूर्ण का सेवन करना चाहिए। जामुन की गुठली ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करती है।

**39. Central Food Technological Research Institute is situated at**
**केन्द्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान स्थित है–**
(a) Maharashtra/महाराष्ट्र
(b) New Delhi/नई दिल्ली
(c) Karnataka/कर्नाटक
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

**Ans. (c) :** केन्द्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान मैसूर (कर्नाटक) में स्थित है।

| शोध संस्थान | स्थान |
|---|---|
| टाटा इंस्टीट्यूट आफ फंडामेंटल रिसर्च | मुम्बई (महाराष्ट्र) |
| भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण | नई दिल्ली |
| भारतीय पेट्रोलियम संस्थान | देहरादून |
| केन्द्रीय भवन निर्माण अनुसंधान संस्थान | रुड़की |
| उच्च अक्षांश अनुसंधान प्रयोगशाला | गुलमर्ग |
| केन्द्रीय जूट प्रौद्योगिकी अनुसंधान | कोलकाता (बैरकपुर) |
| कोशिकीय तथा आण्विक जीव विज्ञान केन्द्र | हैदराबाद |
| केन्द्रीय ईंधन अनुसंधान संस्थान | जलगोड़ा |
| केन्द्रीय खनन अनुसंधान संस्थान | धनबाद |

**40. Which preservative is used in Jelly making?**
**जैली बनाने में किस परिरक्षक का प्रयोग होता है?**
(a) Pectin/पेक्टिन
(b) Sugar/शर्करा
(c) Sulphite/सल्फाइट
(d) Sulphur dioxide/सल्फर डाईऑक्साइड

**Ans. (b) :** जैली बनाने में शर्करा परिरक्षक का प्रयोग होता है। जैम, जैली, एवं स्क्वैश का परिरक्षण चीनी द्वारा किया जाता है। चीनी के प्रयोग से खाद्य पदार्थ की नमी में कमी आती है जो प्रदूषण करने वाले जीवाणुओं की वृद्धि को नियंत्रित करता है। पेक्टिन सेल की दीवार को संरचनात्मक अखंडता, शक्ति और लचीलापन भी प्रदान करता है जब पेक्टिन को चीनी के साथ गर्म किया जाता है तो उत्पाद मोटा होना शुरू हो जाता है, यह व्यापक रूप से जैम, जैली और मुरब्बा बनाने में किया जाता है। फलों के रस से जैली बनायी जाती है, जबकि फलों के गूदों से जैम बनाया है।
नमक एवं खाद्य तेल का उपयोग सूक्ष्म जीवों की वृद्धि रोकने के लिये सामान्य रूप से किया जाता है। अतः इन्हें परिरक्षण कहते हैं। सोडियम बेंजोइट तथा सोडियम मेटाबाईसल्फाइट सामान्य परिरक्षक हैं।

**41. Community Development Programme was started in the year**
**सामुदायिक विकास कार्यक्रम कब शुरू किया गया?**
(a) 1955/1955 में (b) 1952/1952 में
(c) 1957/1957 में (d) 1960/1960 में

**Ans. (b) :** देश में सामुदायिक विकास कार्यक्रम 2 अक्टूबर 1952 में शुरू किया गया। इसके पश्चात ग्रामीण भारत में निवास कर रहे लोगों को प्रभावी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन योजना 12 अप्रैल 2005 को प्रारंभ किया गया। वर्तमान में इस कार्यक्रम को सम्पूर्ण देश में लागू किया गया है। ध्यातव्य है, कि वर्ष 2013-14 में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (NRHM) तथा राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (NUHM) को मिलाकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) चालू किया गया। 2022-23 में NHM के लिए आवंटन ₹37 हजार करोड़ किया गया है।

**42. The Supreme Court of India enunciated the Doctrine of Basic structure of the Constitution in India/भारत में उच्चतम न्यायालय ने संविधान के बुनियादी ढाँचे का सिद्धान्त दिया–**
(a) Sajjan Singh case/सज्जन सिंह के मामले में
(b) Shankari Prasad case/शंकरी प्रसाद के मामले में
(c) Golakh Nath case/गोलकनाथ के मामले में
(d) Keshwanand Bharti case
केशवानंद भारती के मामले में

**Ans. (d) :** भारत में उच्चतम न्यायालय ने संविधान के बुनियादी ढाँचे का सिद्धान्त केशवानन्द भारती के मामले में दिया। केशवानन्द भारती मामले में 1973 में सर्वोच्च न्यायालय ने व्यवस्था दी थी कि अनुच्छेद 368 के तहत संसद को मिली संवैधानिक शक्ति संविधान के मूल ढाँचे को बदलने की अनुमति नहीं देता। स्वतन्त्रता के शुरुआती वर्षों में सर्वोच्च न्यायालय ने 'शंकरी प्रसाद बनाम भारत सरकार मामला (1951)' और 'सज्जन सिंह बनाम राजस्थान सरकार मामला (1965)' जैसे मामलों में निर्णय देते हुये संसद को संविधान में संशोधन करने की पूर्ण शक्ति प्रदान की गयी। 'गोलकनाथ बनाम पंजाब सरकार (1967)' मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि "संसद अनुच्छेद 368 के अधीन मौलिक अधिकारों को समाप्त या सीमित करने की शक्ति नहीं रखती।"

Adda247 GET IT ON Google Play

43. **Under which Article of the Indian Constitution, the Governor has the power to reserve a bill for the President's assent?**
**भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत राज्यपाल एक विधेयक को राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए सुरक्षित रखने की शक्ति रखता है?**
(a) Article 108/अनुच्छेद 108
(b) Article 52/अनुच्छेद 52
(c) Article 200/अनुच्छेद 200
(d) Article 213/अनुच्छेद 213

**Ans. (c) :** भारतीय संविधान के अनु. 200 के अन्तर्गत राज्यपाल किसी विधेयक को राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिये सुरक्षित रखने की शक्ति रखता है। संविधान के अनु. 155 के अनुसार राज्यपाल की नियुक्ति राष्ट्रपति की मुहर लगे आज्ञापत्र के माध्यम से होती है।
• अनुच्छेद 52 में राष्ट्रपति का उल्लेख है।
• अनुच्छेद 108 के अन्तर्गत किसी विधेयक पर संसद के दोनों सदनों (लोकसभा तथा राज्यसभा) के मध्य गतिरोध की स्थिति में संविधान सभा द्वारा संयुक्त बैठक का प्रावधान किया गया है। संयुक्त बैठक राष्ट्रपति द्वारा बुलाई जाती है, तथा इसकी अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष करता है। अनु. 213 में राज्यपाल को अध्यादेश जारी करने की शक्ति है जबकि राष्ट्रपति को अध्यादेश जारी करने की शक्ति अनु. 123 में है।

44. **The Vice-President of India is elected by the members of an electoral college consisting of**
**भारत के उपराष्ट्रपति का निर्वाचन निर्वाचक मण्डल द्वारा किया जाता है, जिसके सदस्य होते हैं–**
(a) All members of both Houses of Parliament
संसद के दोनों सदनों के सभी सदस्य
(b) All members of the Council of States
राज्य सभा के सभी सदस्य
(c) Elected members of both Houses of Parliament/संसद के दोनों सदनों के निर्वाचित सदस्य
(d) Elected members of the Council of States
राज्य सभा के निर्वाचित सदस्य

**Ans. (a) :** भारत के उपराष्ट्रपति का निर्वाचन संसद के दोनों सदनों के सभी सदस्य द्वारा किया जाता है। संविधान के अनुच्छेद 63 के अनुसार भारत का एक उपराष्ट्रपति होगा। उपराष्ट्रपति का पद देश का दूसरा सर्वोच्च पद होता है। उपराष्ट्रपति का पद अमेरिका के उपराष्ट्रपति के पद की तर्ज पर बनाया गया है। उपराष्ट्रपति को जनता द्वारा सीधे नहीं चुना जाता बल्कि परोक्ष विधि से चुना जाता है। वह संसद के दोनों सदनों के सदस्यों के निर्वाचक मंडल द्वारा चुना जाता है। उपराष्ट्रपति पद के लिये उसे भारत का नागरिक होना चाहिए, वह 35 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका हो तथा राज्यसभा सदस्य बनने के लिय अर्हित हो।

45. **Which country is not the member of SAARC?**
**कौन-सा देश दक्षेस का सदस्य नहीं है?**
(a) Nepal/नेपाल (b) Bhutan/भूटान
(c) Bangladesh/बांग्लादेश (d) Japan/जापान

**Ans. (d) :** 'जापान' दक्षेस (SAARC) का सदस्य देश नहीं है, जबकि नेपाल, भूटान, बांग्लादेश दक्षेस के सदस्य देश हैं। दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (The south asian association for regional cooperation (SAARC)) की स्थापना 8 दिसम्बर 1985 को ढाका (बांग्लादेश) में सार्क चार्टर पर हस्ताक्षर के साथ की गयी। इस संगठन का मुख्यालय नेपाल के काठमाण्डू में स्थित है वर्तमान में सार्क के आठ सदस्य देश हैं– (1) अफगानिस्तान, (2) बांग्लादेश, (3) भूटान, (4) भारत, (5) नेपाल, (6) मालदीव, (7) श्रीलंका, (8) पाकिस्तान।
**नोट–**सार्क के वर्तमान महासचिव - एसेला रूवान वीराकून हैं।

46. **Saffron is obtained from**
**केसर प्राप्त किया जाता है–**
(a) Leaf/पत्ती से
(b) Bud/कलिका से
(c) Flower stigma/पुष्प वर्तिका से
(d) Calyx/बाह्य दलपुंज से

**Ans. (c) :** केसर पुष्प वर्तिका से प्राप्त किया जाता है। केसर का वनस्पतिक नाम क्रोकस सैटाइवस है। अंग्रेजी में इसे सैफरॉन के नाम से जाना जाता है। केसर एक सुगंध देने वाला पौधा है। इसके पुष्प की वर्तिकाग्र को केसर, कुंकुम, सैफ्रन आदि कहते हैं।
• लौंग फूल की कली से प्राप्त होता है।
• हेरोइन अफीम पोस्ता से प्राप्त होती है।
• लीची का खाने योग्य भाग - एरिल
• नारियल का खाने योग्य भाग - भ्रूणकोश
• नारंगी का खाने योग्य भाग - जूसी हेयर

47. **How many ribs are there in human body**
**मानव शरीर में कुल कितनी पसलियाँ होती हैं?**
(a) 26/छब्बीस (b) 22/बाईस
(c) 24/चौबीस (d) 28/अट्ठाईस

**Ans. (c) :** मानव शरीर में कुल 24 पसलियाँ होती हैं। पसलियाँ विशेष रूप से मुड़ी हुयी रहती हैं, वे वक्ष की अस्थि एवं मेरुदंड से जुड़कर एक बक्से की रचना करती हैं। इस शंकुरूपी बक्से को पसली पिंजर कहते हैं। वक्ष के दोनों तरफ 12-12 पसलियाँ होती हैं। हमारे शरीर के कुछ महत्वपूर्ण अंग इसमें सुरक्षित रहते हैं।
मनुष्य का कशेरुक दंड 33 कशेरुकों से मिलकर बना है। सभी कशेरुक उपास्थि गद्दियों के द्वारा जुड़े रहते हैं। इन गद्दियों से कशेरुक दण्ड लचीला रहता है। इसका पहला कशेरुक जो कि 'एटलस कशेरुक' कहलाता है, जो खोपड़ी को साधे रहता है।

48. **Which disease is prevented by T.A.B. vaccine?**
**टी.ए.बी. का टीका किस रोग से बचाव करता है?**
(a) Diphtheria/डिफ्थीरिया (b) Tuberculosis/तपेदिक
(c) Typhoid/मियादी बुखार (d) Pertussis/काली खाँसी

**Ans. (c) :** टी.ए.बी. का टीका मियादी बुखार से बचाव करता है। यह सालमोनेला टाइफी जीवाणु द्वारा फैलता है। इससे बुखार, कमजोरी तथा शरीर में दर्द होने लगते हैं। डिफ्थीरिया, कालीखाँसी और टिटेनस के लिए डी.टी.पी. का टीका लगाया जाता है। तपेदिक (टीबी) के लिए बी.सी.जी. का टीका लगाया जाता है।

49. **On which day in 'International Yoga Day' celebrated?**
**'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' किस दिन मनाया जाता है?**
(a) 20th June/20 जून (b) 21st June/21 जून
(c) 25th June/25 जून (d) 28th June/28 जून

**Ans. (b) :** 'अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस' 21 जून को मनाया जाता है।

| | |
|---|---|
| विश्व शरणार्थी दिवस | 20 जून |
| विश्व युवा दिवस | 12 अगस्त |
| राष्ट्रीय युवा दिवस | 12 जनवरी |
| विश्व वानिकी दिवस | 21 मार्च |
| प्रवासी दिवस | 9 जनवरी |
| राष्ट्रीय विज्ञान दिवस | 28 फरवरी |
| विश्व विरासत दिवस | 18 अप्रैल |
| विश्व श्रमिक दिवस | 1 मई |
| राष्ट्रीय खेल दिवस | 29 अगस्त |

50. **In which clothes are resin starch used?**
**किन वस्त्रों में गोंद के कलफ का उपयोग होता है?**
(a) Cotton clothes/सूती वस्त्र
(b) Woolen clothes/ऊनी वस्त्र
(c) Silken clothes/रेशमी वस्त्र
(d) Nylon clothes/नायलॉन वस्त्र

**Ans. (c) :** रेशमी वस्त्र में गोंद के कलफ का उपयोग होता है। रेशम प्राकृतिक प्रोटीन से बना रेशा है।
रेशम के कुछ प्रकार के रेशों से वस्त्र बनाए जा सकते हैं। ये प्रोटीन रेशों में मुख्यतः फाइब्रोइन (Fibroin) होता है। ये रेशे कुछ कीड़ों के लार्वा द्वारा बनाया जाता है। सबसे उत्तम रेशा शहतूत के पत्तों पर पलने वाले कीड़ों के लार्वा द्वारा बनाया जाता है।

51. **When "Sports Day" is celebrated?**
**"खेल दिवस" कब मनाया जाता है?**
(a) 29 August/29 अगस्त (b) 25 August/25 अगस्त
(c) 30 August/30 अगस्त (d) 31 August/31 अगस्त

**Ans. (a) :** खेल दिवस 29 अगस्त को मनाया जाता है। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर खेल दिवस मनाया जाता है। 29 अगस्त 1905 को इनका जन्म हुआ था। शारीरिक गतिविधियों में शामिल होने के लिये खेल सबसे अच्छा तरीका है, तथा खेल तनाव और चिन्ता से मुक्ति प्रदान करता है।

| | |
|---|---|
| पृथ्वी दिवस | 22 अप्रैल |
| विश्व जनसंख्या दिवस | 11 जुलाई |
| हिन्दी दिवस | 14 सितम्बर |
| ओजोन परत संरक्षण दिवस | 16 सितम्बर |
| विश्व खाद्य दिवस | 16 अक्टूबर |
| बाल दिवस | 14 नवम्बर |
| विश्व युवा दिवस | 12 अगस्त |
| विश्व पर्यावरण दिवस | 5 जून |

52. **Who is the author of the most prominent book on yoga "Yog Darshan"?/योग के सम्बन्ध में प्रमुख ग्रन्थ "योग दर्शन" के लेखक कौन हैं?**
(a) Maharshi Narad/महर्षि नारद
(b) Maharshi Bharat/महर्षि भरत
(c) Maharshi Patanjali/महर्षि पतंजलि
(d) Maharshi Devdatt/महर्षि देवदत्त

**Ans. (c) :** योग के सम्बन्ध में प्रमुख ग्रन्थ "योग दर्शन" के लेखक महर्षि पतंजलि हैं।

| प्रमुख ग्रन्थ | लेखक |
|---|---|
| नारद पांचरात्र | महर्षि नारद |
| चार्वाक | चार्वाक |
| सांख्य सूत्र | कपिल |
| न्याय | गौतम |
| पूर्वमीमांसा | जैमिनी |
| उत्तर मीमांसा | बादरायण |
| वैशेषिक | कणाद |
| अभिज्ञान शाकुन्तलम | कालिदास |
| प्रियदर्शिका | हर्ष |

53. **'Zein' protein is related to which crop?**
**'ज़ीइन' नामक प्रोटीन किस फसल से सम्बन्धित है?**
(a) Soybean/सोयाबीन से (b) Paddy/धान से
(c) Maize/मक्का से (d) Oat/जई से

**Ans. (c) :** ज़ीइन नामक प्रोटीन मक्का फसल से सम्बंधित है। कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, विटामिन तथा खनिज लवण के अलावा हमारे भोजन में आहारी रेशे और जल भी पाये जाते हैं। प्रोटीन दाल, सोयाबीन, मटर, राजमा, पनीर, अंडा में पाया जाता है, जो शरीर की वृद्धि करने में मदद करते हैं। प्रोटीन शब्द का नामकरण जे. मुल्डर ने 1840 में किया था। यह एक जटिल कार्बनिक यौगिक है। प्रोटीन जीवद्रव्य एवं ऊतकों के निर्माण में भाग लेते हैं बच्चों में प्रोटीन की कमी से क्वाशियोकर एवं मरास्मस नामक रोग हो जाता है। मक्का में व्हाइट बाइट एवं धान में खैरा रोग जस्ता की कमी के कारण होता है। मक्का फसल की उत्पत्ति मध्य अमेरिका में हुयी, जबकि सोयाबीन की उत्पत्ति चीन में हुयी। सोयाबीन के उत्पादन में म.प्र. प्रथम स्थान पर है।

54. **Which breed of cow is dual purpose?**
**गाय की कौन-सी नस्ल दुकाजी उद्देश्य की है?**
(a) Jersey/जर्सी (b) Gir/गीर
(c) Sindhi/सिंधी (d) Tharparkar/थारपारकर

**Ans. (d) :** गाय की थारपारकर नस्ल दुकाजी उद्देश्य की है। यह गाय राजस्थान में जोधपुर और जैसलमेर में मुख्य रूप से पायी जाती है। इस नस्ल की गाय भारत की सर्वश्रेष्ठ दुधारू गायों में गिनी जाती है। इस गाय की उत्पत्ति स्थल 'मालाणी' (बाड़मेर) है। राजस्थान में इसे 'मालाणी' नस्ल के नाम से जाना जाता है।

55. **India has divided in how many Agro Climatic Zones?/भारत को कुल कितने कृषि जलवायु क्षेत्रों में बाँटा गया है?**
(a) 12 (b) 9
(c) 15 (d) 22

Adda247
GET IT ON Google Play

Ans. (c) : भारत को कुल 15 कृषि जलवायु क्षेत्रों में बांटा गया तथा उत्तर प्रदेश को कुल 9 कृषि जलवायु प्रदेशों में बाँटा गया है। भारत एक कृषि प्रधान देश है यहाँ की आधे से अधिक जनसंख्या कृषि व उससे सम्बन्ध कार्यों में लगी हुयी है। सामान्य रूप से भारत की कृषि पर चार प्रमुख कारकों का प्रभाव पड़ता है।

1. भौतिक कारक   2. संस्थागत कारक
3. संरचनात्मक कारक   4. राजनीति प्रशासनिक कारक

भारत की भौतिक संरचना, जलवायविक एवं मृदा सम्बन्धी विभिन्नताएँ ऐसी है जो यहाँ अनेक प्रकार की फसलों की कृषि को प्रोत्साहित करती है। यहाँ पर मुख्यतः तीन फसलें पैदा की जाती है।
1. रबी की फसल 2. खरीफ की फसल 3. जायद की फसल

**56. Who is the writer of 'Rajpoot Painting'?**
**'राजपूत पेंटिंग' के लेखक कौन हैं?**
(a) Rai Krishna Das/राय कृष्ण दास
(b) Ananda K. Coomaraswamy
आनन्द के. कुमारस्वामी
(c) W.G. Archer/डब्ल्यू.जी. आर्चर
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

Ans. (b) : राजपूत पेंटिंग के लेखक आनन्द कुमार स्वामी हैं जिसे 1916 में लिखा था। जिसमें विभिन्न ऋतुओं का श्रृंगारिक चित्रण कर उनका मानव जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों का अंकन किया गया है। राजपूत पेंटिंग में पहाड़ी चित्र शैली को भी शामिल किया गया है। इस शैली के अंतर्गत केवल राजस्थान की चित्रकला को ही स्वीकार करते हैं।

**57. Folk Art is associated with**
**लोक कला का सम्बन्ध है–**
(a) Painting/चित्रकला से
(b) Regional Art/क्षेत्रीय कला से
(c) Modern Art/आधुनिक कला से
(d) Pre-Historical Art/प्रागैतिहासिक कला से

Ans. (b) : लोक कला का सम्बन्ध क्षेत्रीय कला से है, लोक कला स्थानीय समुदाय की समग्र कलात्मक गतिविधि है, यह एक सामाजिक या जातीय समूह के सदस्यों द्वारा निर्मित कला है जिन्होंने अपनी संस्कृति को संरक्षित किया है। बिहू नृत्य यह असम के कचारी व कहारी जनजातियों में प्रचलित हैं। घूमर राजस्थान का प्रचलित लोकनृत्य है जिसे भील जनजाति की स्त्रियां करती हैं। पाण्डवानी छत्तीसगढ़ में प्रचलित लोकनृत्य हैं।

**भारत की प्रमुख लोक कला–**

| | |
|---|---|
| रंगोली - महाराष्ट्र | मांडणां - राजस्थान |
| साथिया - गुजरात | चौक पूरना- उ.प्र. |
| गोदना - बिहार | मेंहदी - राजस्थान |
| अपहन - बिहार | |

**58. Geometrical design is called**
**ज्यामितीय डिज़ाइन कहते हैं–**
(a) Design made by geometrical forms
ज्यामितीय आकरों से बनी आकृति को
(b) Geometrical forms/ज्यामितीय आकारों को
(c) Design made in square/वर्ग में बनी डिज़ाइन को
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

Ans. (a) : ज्यामितीय डिजाइन ज्यामितीय आकारों से बनी आकृति को कहते हैं। ज्यामिती का एक लंबा बहुमूल्य इतिहास है शब्द ज्यामिती यूनानी शब्द जियोमीट्रोन (Geometron) का अंग्रेजी तुल्य है। जिया का अर्थ भूमि और मीट्रोन का अर्थ है-मापना। इतिहासकारों के अनुसार प्राचीन समय में ज्यामितीय अवधारणाएँ सम्भवतः कला, वास्तुकला, शिल्पकला और भूमि मापन की आवश्यकताओं के कारण विकसित हुयी। वैभवपूर्ण राज भवनों, मंदिरों, झीलों, बांधों और नगरों के निर्माणों कला और वास्तुकला या शिल्प ने इन अवधारणाओं को उजागर किया। किसी डिजाइन के संदेश या प्रसंग को विषय वस्तु कहा जाता है। ये प्रसंग ऐतिहासिक, सामाजिक, सांस्कृतिक आदि हो सकते हैं। डिजाइन का प्रयोजन या अनुप्रयोग प्रतिफल देना है।

**59. Aipan is associated with which State?**
**ऐपण का सम्बन्ध किस राज्य से है?**
(a) Madhya Pradesh/मध्य प्रदेश
(b) Uttar Pradesh/उत्तर प्रदेश
(c) Maharashtra/महाराष्ट्र
(d) Uttarakhand/उत्तराखण्ड

Ans. (d) : 'ऐपण' का सम्बन्ध उत्तराखंड राज्य से है। मिथिला की चित्रकारी में 'मधुबनी' चित्रकला प्रसिद्ध है। अरचायी कलाओं में, कोहबर, ऐपण, अल्पना, रंगोली जैसे कलाएं काफी प्रचलित हैं, इन कलाओं का सम्बन्ध शादी त्योहार और उत्सवों से है, इन्हें क्षेत्रीय भाषाओं में अलग-अलग नाम से जाना जाता है।

| | |
|---|---|
| राजस्थान - मड़ने | गुजरात - सतिया |
| महाराष्ट्र - रंगोली | बिहार - अरिकान |
| उ.प्र. - चौक पूरना | बंगाल - अल्पना |

नोट–दक्षिण भारत में इसे कोलम के नाम से जाना जाता है।

**60. How many total numbers of Shrutees are there in Hindustani Sangeet?/हिन्दुस्तानी संगीत में श्रुतियों की कुल कितनी संख्या मानी गई है?**
(a) 13/तेरह   (b) 22/बाईस
(c) 12/बारह   (d) 9/नौ

Ans. (b) : हिन्दुस्तानी संगीत में श्रुतियों की कुल संख्या 22 मानी गयी है। हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत का वह छोटे से छोटा नाद जो कानों को स्पष्ट सुनाई दे, व समझा जा सकें श्रुति कहलाता है। शास्त्रकार श्रुति की परिभाषा इस प्रकार करते हैं- ''श्रुयते इति श्रुतिः'' अर्थात जो आवाज कान को सुनाई दे वह श्रुति है।

**सप्तक**–सात स्वरों के समूह को जब एक क्रम में कहा जाता है अथवा लिखा जाता है तब उसे सप्तक कहते हैं, संक्षेप में हम कह सकते हैं कि सप्तक में सातों स्वर क्रमानुसार होते हैं। उदाहरण के लिये सा, रे, ग, म, प, ध, नी यह एक सप्तक है।

**कहरवा**–कहरवा ताल में 8 मात्राएँ होती हैं। कहरवा ताल चंचल प्रकृति का ताल है, इसका प्रयोग तबले, ढोलक आदि वाद्यों पर किया जाता है।

**मात्रा**–संगीत में समय नापने के लिये जिस इकाई का प्रयोग किया जाता है उसे मात्रा कहते हैं। मात्राओं के आधार पर तालों की रचना होती है।